पूजा पंडालों की दो पहर होगी सफाई

फतेहपुर, जागरण संवाददाता : नवरात्रि पर्व पर उमड़ी आस्था को देखते हुए पालिका प्रशासन चौकन्ना हो गया है। शहर में स्थापित की गई आदिशक्ति मां दुर्गा की प्रतिमाओं के आसपास उमड़ने वाली भीड़ को गंदगी का सामना न करना पड़े इसके आदेश जारी किए गए हैं। प्रशासन ने पूजा पंडालों के आसपास पैनी नजर रखने के निर्देश सफाई निरीक्षक आबिद अली, सफाई प्रभारी मोहम्मद हबीब को दिए हैं। इसके साथ ही सफाई नायक प्रतिदिन इन पंडालों के पास जाकर व्यवस्था की जांच करेंगे। सफाई व्यवस्था दो पालियों में कराने का काम यह जिम्मेदार करेंगे। अधिशासी अधिकारी रश्मि भारती ने बताया कि शहर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। जिम्मेदारों को निर्देश की एक कॉपी मुहैया कराकर दायित्व निर्वाहन की कसौटी में खरा उतरने के आदेश दिए है। दो पालियों में पंडाल के आसपास सफाई कराई जाए, चूना छिड़काव हो और तुरंत कूड़ा उठान कराया जाएगा। समस्या आने पर संबंधित को कड़ी सजा दी जाएगी।